सत्यमेव जयते

लेखे एक दृष्टि में
2020-21

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

उत्तराखण्ड सरकार

उत्तराखण्ड सरकार

वर्ष 2020-21 के लिए
'लेखे एक दृष्टि में'

प्रधान महालेखाकार
(लेखा एवं हक़दारी),
उत्तराखण्ड

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

उत्तराखण्ड सरकार

आमुख

वर्ष 2020-21 के लिए हमारे वार्षिक प्रकाशन 'लेखे एक दृष्टि में' के पंद्रहवें अंक को प्रस्तुत करते हुए मुझे खुशी हो रही है, जो सरकारी गतिविधियों का परिदृश्य प्रस्तुत करता है, जैसा कि "वित्त लेखे और विनियोग लेखे" में परिलक्षित होता है।

वित्त लेखे समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे के अंतर्गत लेखों का सारांश विवरण है। विनियोग लेखे राज्य विधानमंडल द्वारा अनुमोदित प्रावधानों के विरुद्ध अनुदान-वार व्यय को दर्ज करते हैं और वास्तविक व्यय और आवंटित धन के बीच भिन्नता के लिए स्पष्टीकरण दर्शाते हैं।

वित्त और विनियोग लेखे नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (C & AG) के निर्देशन में मेरे कार्यालय द्वारा प्रतिवर्ष विधानसभा में प्रस्तुत करने हेतु तैयार किए जाते हैं।

हम पाठक के उन सुझावों का स्वागत करते हैं जो हमारे प्रकाशन को बेहतर बनाने में सहायक हों ।

देहरादून
दिनांक: **06.01.2022**

(प्रवीन्द्र यादव)
प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
उत्तराखण्ड

हमारी दूरदर्शिता, लक्ष्य और बुनियादी मूल्य

दूरदर्शिता

(हम जो बनना चाहते हैं वो भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की संस्था की दूरदर्शिता चित्रित करती है।)

हम सार्वजनिक क्षेत्र की लेखा परीक्षा और लेखा में एक वैश्विक मार्गदर्शन और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के सर्जक बनने का प्रयास करते हैं और सार्वजनिक वित्त और शासन पर स्वतंत्र, विश्वसनीय, संतुलित और समय पर रिपोर्टिंग के लिए मान्यता प्राप्त हैं।

लक्ष्य

(हमारा मिशन हमारी वर्तमान भूमिका को व्यक्त करता है और हमारे वर्तमान कार्यों को वर्णित करता है।)

भारत के संविधान द्वारा अनिवार्य, हम उच्च गुणवत्ता की लेखा परीक्षा और लेखांकन के माध्यम से जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देते हैं और अपने हितधारकों यथा विधानमंडल, कार्यपालिका और जनता को स्वतंत्र आश्वासन प्रदान करते हैं कि सार्वजनिक निधियों का उपयोग कुशलतापूर्वक और इच्छित उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है।

बुनियादी मूल्य

(हमारे बुनियादी मूल्य हमारे सभी कृत्यों के लिए मार्गदर्शक प्रकाश स्तम्भ हैं और हमें अपने प्रदर्शन का आकलन करने के लिए मानदंड देते हैं।)

- स्वतंत्रता
- निष्पक्षता
- अखंडता
- विश्वसनीयता
- पेशेवर उत्कृष्टता
- पारदर्शिता
- सकारात्मक दृष्टिकोण

अनुक्रमणिका

		पृष्ठ सं.
अध्याय 1	**विहंगावलोकन**	
1.1	प्रस्तावना	1
1.2	सरकारी लेखों की संरचना	2
1.3	वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे	4
1.4	निधियों के स्रोत एवं उपयोग	7
1.5	राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम.) अधिनियम, 2005	11
अध्याय २	**प्राप्तियाँ**	
2.1	प्रस्तावना	14
2.2	राजस्व प्राप्तियाँ	14
2.3	कर राजस्व	16
2.4	कर संग्रह की लागत	19
2.5	पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय करों में राज्यांश की प्रवृति	19
2.6	सहायक अनुदान	20
2.7	लोक ऋण	21
अध्याय 3	**व्यय**	
3.1	परिचय	22
3.2	राजस्व व्यय	22
3.3	पूँजीगत व्यय	27
3.4	प्रतिबद्ध व्यय	29
अध्याय 4	**विनियोग लेखे**	
4.1	वर्ष 2020-21 के लिए विनियोग लेखे का सारांश	30
4.2	पिछले पांच वर्षों के दौरान बचत/आधिक्य की प्रवृति	30
4.3	महत्तवपूर्ण बचतें	31
अध्याय 5	**परिसम्पतियाँ एवं देयताएँ**	
5.1	परिसम्पतियाँ	36
5.2	ऋण एवं दायित्व	37
5.3	प्रत्याभूतियाँ	38

अध्याय 6	**अन्य मदें**	
6.1	आंतरिक ऋण के अंतर्गत प्रतिकूल शेष	39
6.2	राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम	39
6.3	स्थानीय निकायों एवं अन्य को वित्तीय सहायता	40
6.4	रोकड़ शेष और रोकड़ शेष का निवेश	42
6.5	लेखाओं का मिलान	42
6.6	लेखा प्रेषित करने वाली इकाईयों द्वारा लेखों का प्रस्तुतीकरण	42
6.7	असमायोजित सार आकस्मिक बिल	43
6.8	उचन्त एवं प्रेषण शेषों की स्थिति	43
6.9	बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की स्थिति	44
6.10	अपूर्ण पूँजीगत कार्यों के कारण प्रतिबद्धतायें	45
6.11	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली	45
6.12	व्यक्तिगत जमा खाते	46
6.13	निवेश	47
6.14	व्यय का प्रवाह	47
6.15	आरक्षित निधियों की स्थिति	48
6.16	प्रमुख उपकर	51

अध्याय - 1
विहंगावलोकन

1.1 प्रस्तावना

महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी), उत्तराखण्ड विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रेषित किए गए लेखों के आंकड़ों को संचित, वर्गीकृत, संकलित करता है और उत्तराखण्ड सरकार के लेखों को तैयार करता है | संकलन 20 जिला कोषागारों, 114 लोक निर्माण प्रभागों, 85 सिंचाई प्रभागों, 57 वन प्रभागों (46 वन एवं 11 जलागम), अन्य राज्यों/ लेखा कार्यालयों द्वारा प्रेषित किए गए प्रारंभिक लेखों और भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह से किया जाता है। हर महीने उत्तराखण्ड सरकार को महालेखाकार (ले. एवं हक़.) के कार्यालय द्वारा एक मासिक सिविल लेखा प्रस्तुत किया जाता है। कार्यालय महालेखाकार (ले. एवं हक़.) प्रतिवर्ष सरकार के महत्वपूर्ण वित्तीय सूचकांकों और व्यय की गुणवत्ता पर एक त्रैमासिक अभिमूल्यन टिप्पणी भी उत्तराखण्ड सरकार को प्रस्तुत करता है। महालेखाकार (ले० एवं हक०) वार्षिक वित्त लेखों और विनियोग लेखों को तैयार करता है, जिन्हें प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) उत्तराखण्ड द्वारा लेखापरीक्षण के पश्चात् एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा प्रमाणीकरण किये जाने के उपरांत राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाता है।

1.2 सरकारी लेखों की संरचना

1.2.1 सरकारी लेखे तीन भागो में रखे जाते हैं:-

सरकारी लेखों की संरचना

भाग 1

समेकित निधि

सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व जिसमे कर राजस्व एवं करेत्तर राजस्व, जुटाए गये ऋण, समेकित निधि से दिए गये ऋणों (ब्याज सहित) का पुनर्भुगतान शामिल है| सरकार के सभी व्यय एवं संवितरण, जिसमे जारी किये गये ऋण और जुटाए गये ऋणों का पुनर्भुगतान (और उस पर ब्याज) शामिल है, इस निधि से आहरित किए जाते हैं |

भाग 2

आकस्मिकता निधि

आकस्मिकता निधि एक अग्रदाय की प्रवृति में है, जिसका उद्देश्य अप्रत्याशित व्यय जिसके लिए बजट में प्रावधान नहीं था और जिसका प्राधिकरण विधानमंडल द्वारा लंबित है, को पूरा करना है | ऐसे व्यय की प्रतिपूर्ति बाद में समेकित निधि से कर दी जाती है | उत्तराखण्ड सरकार के लिए इस निधि का कार्पस ₹ 500.00 करोड़ है |

भाग 3

लोक लेखे

लोक लेखे में ऋणों (भाग- I में शामिल ऋणों के अलावा), 'जमा', 'अग्रिम' [जिसके संबंध में सरकार का धन वापिस देने का दायित्व है या भुगतान की गई राशि को वसूलने का दावा करती है, ऋण और जमा का पुनर्भुगतान और अग्रिम की वसूली सहित] 'प्रेषण' और 'उचन्त' (उन सभी समायोजन शीर्षों को समाहित करते हुए जिनके तहत कोषागार और मुद्रा चेस्ट के बीच नकद का प्रेषण और विभिन्न लेखांकन परिक्षेत्रों के बीच हस्तांतरण जैसे लेनदेन होते हैं) से सम्बंधित लेनदेन दर्ज किए जाएंगे। इन शीर्षों में प्रारंम्भिक नामे व जमा का निपटान, बाद में उसी या किसी दूसरे लेखांकन परिक्षेत्र में अनुरूप प्राप्ति या अदायगी के द्वारा अथवा लेखा के अंतिम शीर्षों में पुस्तांकित करके किया जाता है |

1.2.2 लेखों का संकलन

लेखों के संकलन के लिए प्रवाह आरेख



1.3 वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे

1.3.1 वित्त लेखे

वित्त लेखे शासन के राजस्व और पूँजीगत लेखाओं, लोक ऋणों और लेखाओं में अभिलिखित लोक लेखे के शेषों से प्राप्त वित्तीय परिणामों के साथ साथ वर्ष के लिए सरकार की प्राप्तियों और संवितरणों को दर्शाते हैं। वित्त लेखे को अधिक व्यापक और सूचना देयक बनाने हेतु इन्हें दो खंडों में तैयार किया जाता है। वित्त लेखों के (खण्ड-I) में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र, समग्र प्राप्तियों और संवितरणों के तेरह (13) सारांशित विवरण और 'लेखाओं पर टिप्पणी' जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश, लेखों की गुणवत्ता और अन्य वस्तुओं पर टिप्पणी शामिल होते हैं | खण्ड-II के भाग-I में नौ (9) विस्तृत विवरण एवं भाग-II में तेरह (13) परिशिष्ट सम्मिलित हैं |

वर्ष 2020-21 के दौरान, भारत सरकार ने ₹ 40,56.80 करोड़ की राशि विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए उत्तराखण्ड में सीधे राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों / गैर सरकारी संगठनों को हस्तांतरित की | चूँकि ये निधियाँ राज्य बजट के माध्यम से प्रेषित नहीं की जाती है, इसलिए ये राज्य सरकार के लेखों में परिलक्षित नहीं होती हैं। ये हस्तांतरण वित्त लेखे के खंड II के परिशिष्ट VI में दिए गए हैं।

1.3.2 वर्ष 2020-21 की वित्तीय झलकियाँ

निम्न तालिका वर्ष 2020-21 के लिए वास्तविक वित्तीय परिणाम और बजट अनुमानों का विवरण प्रदान करती है:

क्रम संख्या	घटक	बजट अनुमान *(₹ करोड़ में)*	वास्तविक आँकड़े *(₹ करोड़ में)*	बजट अनुमानों से वास्तविक आँकड़ों का *प्रतिशत*	जीएसडीपी [1] से वास्तविक आँकड़ों का *प्रतिशत*
1.	कर राजस्व (केन्द्रांश सहित) [2]	2,24,18.10	1,85,06.31	82.55	7.78
2.	करेत्तर राजस्व	35,39.42	41,70.57	1,17.83	1.75
3.	सहायक अनुदान एवं अंशदान	1,64,81.81	1,55,27.48	94.21	6.53
4.	**राजस्व प्राप्तियाँ (1+2+3)**	**4,24,39.33**	**3,82,04.36**	**90.02**	**16.07**
5.	ऋण एवं अग्रिमों की वसूली	34.59	23.05	66.64	0.01
6.	अन्य प्राप्तियाँ	…	0.20	…	0.00
7.	उधार एवं अन्य दायित्व [3]	99,50.00	54,39.18	54.67	2.29
8.	**पूँजीगत प्राप्तियाँ (5+6+7)**	**99,84.59**	**54,62.43**	**54.71**	**2.30**
9.	**कुल प्राप्तियाँ (4+8)**	**5,24,23.92**	**4,36,66.79**	**83.30**	**18.37**
10.	राजस्व व्यय	4,23,89.67	3,70,91.03	87.50	15.60
11.	ब्याज भुगतान पर व्यय (राजस्व व्यय से)	58,92.24	47,73.07	81.01	2.01
12.	पूँजीगत व्यय	73,82.56	65,38.21	88.56	2.75
13.	वितरित ऋण एवं अग्रिम	2,51.43	37.55	14.93	0.02
14.	**कुल व्यय (10+12+13)**	**5,00,23.66**	**4,36,66.79**	**87.29**	**18.37**
15.	**राजस्व घाटा (-) आधिक्य (+) (4-10)**	**(+) 49.66**	**(+)11,13.33**	**22,41.90**	**0.47**
16.	**राजकोषीय घाटा (-)/ आधिक्य(+) (4+5+6-14)**	**(-)75,49.74**	**(-) 54,39.18**	**(+) 72.04**	**(-) 2.29**

[1] वर्ष 2020-21 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 23,77,46.51 करोड़ का आँकड़ा (वर्तमान मूल्यों पर) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय की वेबसाइट से लिया गया है |

[2] ₹ 65,68.72 करोड़ में राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय (कर) का भाग सम्मिलित है| [राज्य सरकार की स्वकर प्राप्तियाँ ₹ 1,19,37.59 करोड़ थी जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 5.02 *प्रतिशत* था |

[3] उधार एवं अन्य दायित्व: शुद्ध (प्राप्तियाँ - संवितरण) लोक ऋण (₹ 68,65.10 करोड़) + आकस्मिकता निधि शुद्ध (₹ -2,24.71 करोड़) + शुद्ध [प्राप्तियाँ – संवितरण], लोक लेखा (₹ -16,29.16 करोड़) +प्रारंभिक एवं अंतिम रोकड़ शेष शुद्ध (₹ 4,27.95 करोड़) |

वर्ष 2020-21 में प्राप्तियाँ एवं संवितरण



[4] ₹ 65,68.72 करोड़ में राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय (कर) का भाग सम्मिलित है| [राज्य सरकार की स्वकर प्राप्तियाँ ₹ 1,19,37.59 करोड़ थी जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 5.02 *प्रतिशत* था |

[5] उधार एवं अन्य दायित्व: शुद्ध (प्राप्तियाँ - संवितरण) लोक ऋण + आकस्मिकता निधि शुद्ध, + शुद्ध [प्राप्तियाँ – संवितरण], लोक लेखा + प्रारंभिक एवं अंतिम रोकड़ शेष शुद्ध|

1.3.3 विनियोग लेखे

संविधान के अंतर्गत यह प्रावधान है कि कोई भी व्यय विधायिका के प्राधिकार के बिना सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता है। संविधान में वर्णित कुछ ऐसे व्ययों को छोड़कर, जिन्हें समेकित-निधि को प्रभारित किया जाता है तथा विधायिका के वोट के बिना व्यय किया जा सकता है, अन्य सभी व्यय दत्तमत होना आवश्यक है। विनियोग लेखे वित्त लेखे के पूरक हैं। उत्तराखण्ड के बजट में 01 प्रभारित विनियोग, 07 प्रभारित विनियोग / दत्तमत अनुदान और 23 दत्तमत अनुदान है। विनियोग लेखे का उद्देश्य यह दर्शाना है कि विनियोग के साथ संकलित किए गए वास्तविक व्यय को किस सीमा तक प्रति वर्ष के विनियोग अधिनियम के माध्यम से विधायिका द्वारा प्राधिकृत किया गया है |

1.3.4 बजट तैयार करने की दक्षता

वर्ष 2020-21 के विनियोग अधिनियम में ₹ 5,75,90.76 करोड़ के सकल व्यय तथा ₹ 23,48.00 करोड़ की वसूलियाँ जिन्हें व्यय में से घटा दिया जाना था, की व्यवस्था की गई थी | इनके विरुद्ध ₹ 5,20,00.11 करोड़ के वास्तविक सकल व्यय तथा ₹ 63.73 करोड़ की वसूलियों के परिणामस्वरूप ₹ 55,90.65 करोड़ (9.71 *प्रतिशत*) की बचत तथा ₹ 22,84.27 करोड़ (97.29 *प्रतिशत*) व्यय में कमी का अधिक आकलन परिलक्षित हुई | 'वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें', 'कृषि कर्म एवं अनुसंधान', 'सहकारिता', 'ग्राम्य विकास', 'खाद्य' और 'औद्यानिक विकास' से संबंधित छः अनुदानों के अंतर्गत आधिक्य परिलक्षित हुए हैं |

1.4 निधियों के स्रोत एवं उपयोग

1.4.1 अर्थोपाय अग्रिम

भारतीय रिज़र्व बैंक से न्यूनतम सहमति नकदी शेष (₹ 0.16 करोड़), जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ बनाए रखना आवश्यक है, में कमी को पूरा कर तरलता बनाए रखने के लिए अर्थोपाय अग्रिम लिए जाते हैं । वर्ष 2020-21 के दौरान, ₹ 53,48.15 करोड़ के अर्थोपाय अग्रिम प्राप्त किए और ₹ 56,61.42 करोड़ चुकाए । अर्थोपाय अग्रिम 92 अवसरों (39 साधारण और 53 विशेष) पर लिए गये | हालाँकि, 31 मार्च 2021 को कोई भी अर्थोपाय अग्रिम बकाया नहीं रहे | वर्ष के दौरान ₹ 5.21 करोड़ की धनराशि अर्थोपाय अग्रिम पर ब्याज के रूप में दी गयी |

1.4.2 भारतीय रिज़र्व बैंक से अधिविकर्ष / ओवर ड्राफ्ट

भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ बनाए रखे जाने वाले अपेक्षित न्यूनतम रोकड़ शेष (₹ 0.16 करोड़) में कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अर्थोपाय अग्रिम लेने के बावजूद यदि कमी रहती है तो भारतीय रिज़र्व बैंक से अधिविकर्ष / ओवर ड्राफ्ट लिया जाता है | वर्ष 2020-21 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा 4 दिनों के लिए अधिविकर्ष लिया गया ।

1.4.3 निधि प्रवाह विवरण

वर्ष 2020-21 में राज्य का राजस्व आधिक्य ₹ 11,13.33 करोड़ और राजकोषीय घाटा ₹ 54,39.18 करोड़ था जो कि राज्य सकल घरेलू उत्पाद का क्रमशः 0.47 और 2.29 प्रतिशत था | शुद्ध लोक ऋण (₹ 68,65.10 करोड़), लोक लेखे में वृद्धि (₹ -16,29.16 करोड़), शुद्ध आकस्मिकता निधि (₹ -2,24.71 करोड़) और प्रारंभिक और अंतिम रोकड़ शेष में शुद्ध कमी (₹ 4,27.95 करोड़) से राजकोषीय घाटा पूरा किया गया| राज्य सरकार के राजस्व प्राप्तियों (₹ 3,82,04.36 करोड़) का लगभग 60 प्रतिशत वचनबद्ध व्यय जैसे वेतन (₹ 1,17,55.15 करोड़), ब्याज भुगतान (₹ 47,73.07 करोड़), पेंशन (₹ 61,67.71 करोड़) और सब्सिडी (₹ 1,38.63 करोड़), पर खर्च किया गया था।

निधि के स्त्रोत एवं उपयोग

(₹ करोड़ में)

• 1 अप्रैल 2020 को प्रारंभिक रोकड़ शेष	595.25
• राजस्व प्राप्तियाँ	3,82,04.36
• विविध पूँजीगत प्राप्तियाँ	0.20
• ऋण एवं अग्रिम की वसूली	23.05
• लोक ऋण	1,51,34.69
• अल्प बचतें, भविष्य निधियाँ इत्यादि	19,10.51
• आरक्षित एवं निक्षेप निधियाँ	11,91.00
• जमा प्राप्तियाँ	50,90.50
• सिविल अग्रिमों का पुनर्भुगतान	0.00
• उचन्त लेखा	6,51,79.28 [6]
• प्रेषण	0.75
• आकस्मिकता निधि	1.52
• योग	**12,73,31.11**

•राजस्व व्यय	3,70,91.03
•पूँजीगत व्यय	65,38.21
•प्रद्दत ऋण	37.55
•लोक ऋण का पुनर्भुगतान	82,69.59
• अल्प बचतें, भविष्य निधियाँ इत्यादि.	14,79.05
•आरक्षित एवं प्रेषण निधियाँ	11,01.10
•जमा पुनर्भुगतान	47,08.49
•प्रद्दत सिविल अग्रिम	0.00
•उचन्त लेखा	6,77,05.40 [7]
•प्रेषण	7.16
•आकस्मिकता निधि	2,26.23
•31मार्च 2021 को अन्तिम रोकड़ शेष	1,67.30
•योग	**12,73,31.11**

[6] रोकड़ शेष निवेश लेखा के ₹ 2,58,08.76 करोड़ सम्मिलित हैं |

[7] रोकड़ शेष निवेश लेखा के ₹ 2,77,40.33 करोड़ सम्मिलित हैं |

1.4.4 ₹ कहाँ से आया?

वास्तविक प्राप्तियाँ



1.4.5 ₹ कहाँ गया?

वास्तविक व्यय



वर्ष 2020-21 के दौरान ₹ 11,13.13 करोड़ का राजस्व आधिक्य (2019-20 में ₹ 21,36.23 करोड़ घाटा) और ₹ 54,39.18 करोड़ का राजकोषीय घाटा (2019-20 में ₹ 76,57.27 करोड़ घाटा) सकल राज्य घरेलू उत्पाद का क्रमशः 0.47 *प्रतिशत* और 2.29 *प्रतिशत* है | राजकोषीय घाटा सकल व्यय (₹ 4,36,66.79 करोड़) का 12.46 *प्रतिशत* रहा |

घाटा और आधिक्य क्या दर्शाते हैं ?

घाटा

राजस्व और व्यय के अन्तर को दर्शाता है| घाटे का स्वरूप, घाटा वित्त पोषण कैसे हो तथा निधियों का उपयोग वित्तीय प्रबंधन में दूरदर्शिता के महत्वपूर्ण संकेतक हैं |

राजस्व घाटा / आधिक्य

राजस्व प्राप्तियों और राजस्व व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है | राजस्व व्यय की आवश्यकता सरकार की वर्तमान स्थापना के रखरखाव हेतु होती है और आदर्शतः इसे राजस्व प्राप्तियों से पूर्णतः वहन किया जाना चाहिए |

राजकोषीय घाटा / आधिक्य

सकल प्राप्तियों [उधारों को छोड़कर] और सकल व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है | इसलिए यह स्पष्ट करता है कि व्यय को किस हद तक उधारी द्वारा वित्त पोषित किया गया तथा आदर्शतः उधारों को पूँजीगत परियोजनाओं में निवेशित किया जाना चाहिए|

1.5 राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम 2005

घाटा संकेतक, राजस्व संवर्धन तथा व्यय प्रबंधन सरकार की राजकोषीय कार्यशैली को जाँचने के मुख्य मापदंड हैं । उत्तराखण्ड सरकार ने राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया है। इस अधिनियम को 2011, 2016 और 2020 में संशोधित किया गया है। इस अधिनियम के अनुसार, राज्य सरकार को निर्दिष्ट अवधि तक कुछ राजकोषीय लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता थी। वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान अधिनियमों द्वारा और इसके तहत बनाए गए नियमों में निर्धारित राजकोषीय लक्ष्यों के तहत उपलब्धियाँ निम्नानुसार थी:

क्रम संख्या.	वित्तीय मापदण्ड	वास्तविक आँकड़े (₹ करोड़ में)	जीएसडीपी से अनुपात [8]	
			लक्ष्य	**उपलब्धि**
1	राजस्व आधिक्य	11,13.33	राज्य में राजस्व आधिक्य होना चाहिए	0.47 (प्राप्त किया)
2	राजकोषीय घाटा	54,39.18	3.5 से 5 [9]	2.29 (प्राप्त किया))
3	लोक ऋण और अन्य दायित्व	7,37,50.64	25	31.02 (प्राप्त नही किया)
4	प्राथमिक घाटा	666.11	..	0.28

राज्य सरकार ने उत्तराखण्ड राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन नियम, 2005 के तहत आवश्यक उद्घोषणाएँ विधानमंडल में प्रस्तुत किए । राज्य सरकार का राजस्व घाटा वर्ष 2019-20 में ₹ 21,36.23 करोड़ जबकि वर्ष 2020-21 के दौरान राजस्व आधिक्य ₹ 11,13.33 करोड़ का था जो एफआरबीएम अधिनियम के लक्ष्यों के अनुरूप है। । ₹ 22,18.09 करोड़ की कमी के साथ राजकोषीय घाटा वर्ष 2019-20 में ₹ 76,57.27 करोड़ से घटकर 2020-21 में ₹ 54,39.18 करोड़ हो गया जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.29 *प्रतिशत* था जो कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 3.5 *प्रतिशत* के लक्ष्य की पुष्टि करता है | वर्ष के दौरान सार्वजनिक ऋण और अन्य देनदारियों को वर्ष 2020-21 तक जीएसडीपी के 25 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य के सापेक्ष, सार्वजनिक ऋण और अन्य देनदारियां ₹ 7,37,50.64 करोड़ थी जो जीएसडीपी का 31.02 *प्रतिशत* थी ।

[8] वर्ष 2020-21 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 23,77,46.51 करोड़ का आँकड़ा (वर्तमान मूल्यों पर) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय की वेबसाइट से लिया गया है |

[9] *एफआरबीएम अधिनियम 2020 के अनुसार राजकोषीय घाटे की सीमा जीएसडीपी का 3.5 प्रतिशत और सशर्त सीमा जीएसडीपी का 5.00 प्रतिशत तक है।*

1.5.1 राजस्व घाटे / आधिक्य की प्रवृति

राजस्व घाटे / आधिक्य की प्रवृति



1.5.2 राजकोषीय घाटे की प्रवृति

राजकोषीय घाटे की प्रवृति



1.5.3 पूँजीगत पर व्यय की गई उधार निधियों का समानुपात

(₹ करोड़ में)

वर्ष	उधार ली गई निधियाँ [10]	पूँजीगत व्यय
2016-17	1,05,91	49,54
2017-18	1,34,57	59,14
2018-19	1,54,48	61,84
2019-20	1,31,13	54,14
2020-21	1,51,35	65,38



सामान्यत: सरकारें राजकोषीय घाटे पर चलती हैं और पूँजीगत / परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए तथा आर्थिक व सामाजिक ढांचे के निर्माण के लिए ऋण लेती हैं, ताकि उधार के माध्यम से निर्मित संपत्तियाँ अपने लिए स्वयं आय उत्पन्न कर सके। इस प्रकार उधार ली गई निधियों का पूरा उपयोग पूँजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए और राजस्व प्राप्तियों का उपयोग मूलधन और ब्याज की अदायगी हेतु अपेक्षित है। हालाँकि, राज्य सरकार ने वर्तमान वर्ष में उधारों (₹ 1,51,34.69 करोड़) का केवल 43.20 *प्रतिशत* पूँजीगत व्यय (₹ 65,38.21 करोड़) पर और 0.25 *प्रतिशत* सरकार द्वारा प्रद्दत ऋणों (₹ 37.55 करोड़) पर खर्च किया । इसलिए, ऐसा प्रतीत होता है कि सार्वजनिक ऋण में शेष 56.55 प्रतिशत उधार का उपयोग पिछले वर्षों के सार्वजनिक ऋण और सार्वजनिक खाते के हिस्से को चुकाने के लिए किया गया था।

[10] वर्ष के दौरान लोक ऋण की प्राप्तियों को प्रदर्शित करती है |

अध्याय 2
प्राप्तियाँ

2.1 प्रस्तावना

सरकार की प्राप्तियाँ राजस्व प्राप्तियों एवं पूँजीगत प्राप्तियों के रूप में वर्गीकृत की गई है | वर्ष 2020-21 के दौरान कुल प्राप्तियाँ ₹ 4,36,66.79 करोड़ (₹ 3,82,04.36 करोड़ की राजस्व प्राप्तियाँ एवं ₹ 54,62.43 करोड़ की पूँजीगत प्राप्तियाँ) थी|

2.2 राजस्व प्राप्तियाँ

सरकार की प्राप्तियों में तीन घटक शामिल हैं नामतः कर राजस्व, करेत्तर राजस्व और केंद्र सरकार से प्राप्त सहायक अनुदान |

कर राजस्व — राज्यों द्वारा वसूले गए एवं प्रतिधारित किए गए तथा संविधान के अनुछेद 280 (3) के अंतर्गत संघीय करों से राज्यांश के रूप में प्राप्त कर सम्मिलित हैं |

करेत्तर राजस्व — ब्याज प्राप्तियाँ, लाभांश, लाभ, विभागीय प्राप्तियाँ इत्यादि सम्मिलित हैं |

सहायक अनुदान — सहायक अनुदान संघ सरकार द्वारा राज्य सरकार को प्रदान की गई केन्द्रीय सहायता को प्रदर्शित करती है | इसमे विदेशी सरकारों से प्राप्त "बाह्य अनुदान सहायता" और 'सहायता, सामग्री, उपकरण' जो संघ सरकार के माध्यम से राज्य सरकार को प्राप्त होते हैं, भी सम्मिलित हैं | राज्य सरकार भी पंचायती राज संस्थाएं, स्वायत्त संस्थाएँ इत्यादि को सहायता अनुदान प्रदान करती है |

राजस्व प्राप्तियाँ



कर राजस्व | सहायक अनुदान | करेत्तर राजस्व

2.2.1 राजस्व प्राप्तियों के घटक (2020-21)

घटक	वास्तविक *(₹ करोड़ में)*	राजस्व प्राप्तियों से *प्रतिशत*
A. कर राजस्व [1]	**1,85,06.31**	**48.44**
वस्तु एवं सेवा कर	70,06.54	18.34
आय और व्यय पर कर	40,12.37	10.50
सम्पति और पूँजीगत संव्यवहारों पर कर	11,24.15	2.94
वस्तुओं और सेवाओं पर कर	63,63.25	16.66
B. करेत्तर राजस्व	**41,70.57**	**10.92**
अन्य राजकोषीय सेवाएँ	0.02	0.00
ब्याज प्राप्तियाँ, लाभांश और लाभ	138.53	0.37
सामान्य सेवाएँ	23,19.97	6.07
सामाजिक सेवाएँ	550.23	1.44
आर्थिक सेवाएँ	11,61.82	3.04
C. सहायक अनुदान और अंशदान	**1,55,27.48**	**40.64**
योग – राजस्व प्राप्तियाँ	**3,82,04.36**	**100**

2.2.2 राजस्व प्राप्तियों की प्रवृति

(₹ करोड़ में)

	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	**2020-21**
कर राजस्व (राज्य द्वारा उघाया गया)	1,08,97 (6)	1,01,65 (5)	1,21,88 (5)	1,15,13 (5)	1,19,37(5)
केन्द्रीय करों/शुल्कों का राज्यांश	64,12 (3)	70,85 (3)	80,11 (3)	69,02 (3)	65,69(3)
करेत्तर राजस्व	13,46(1)	17,70 (1)	33,10 (1)	39,99 (2)	41,71(2)
सहायक अनुदान	62,34 (3)	80,85 (4)	77,07 (3)	83,09 (3)	1,55,27(6)
योग राजस्व प्राप्तियाँ	2,48,89 (13)	2,71,05 (12)	3,12,16 (13)	3,07,23 (12)	3,82,04((16)
जीएसडीपी	19,51,25	21,99,54	23,67,68	25,36,66	23,77,47 [2]

नोट: कोष्ठक में दिए गए आँकड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता दर्शाते हैं | वर्ष 2020-21 के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 23,77,46.51 करोड़ का आँकड़ा (वर्तमान मूल्यों पर) अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय की वेबसाइट से लिया गया है |

हालाँकि 2020-21 में जीएसडीपी में पिछले वर्ष की तुलना में 6.28 प्रतिशत की कमी आई जबकि राजस्व प्राप्तियों में 24.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई | पिछले वर्ष की तुलना में कर राजस्व (राज्यों को समनुदेशित शुद्ध आय का भाग सहित) में 0.49 प्रतिशत, गैर-कर राजस्व में 4.30 प्रतिशत और सहायक अनुदान में 86.87 प्रतिशत की वृद्धि हुई |

[1] राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय का भाग सम्मिलित [भारत सरकार से प्राप्त] है |

[2] *अग्रिम अनुमान*

राजस्व प्राप्तियों के घटकों की प्रवृति



2.3 कर राजस्व

(₹ करोड़ में)

	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
(अ) वस्तु एवं सेवा कर	NA [3]	27,88 (1.27)	69,37 (2.93)	68,90 (2.72)	70,07 (2.95)
(ब) आय और व्यय पर अन्य कर	35,14 (1.80)	40,21 (1.83)	48,53 (2.05)	41,97 (1.65)	40,12 (1.69)
(स) सम्पति और पूँजीगत संव्यवहारों पर कर	9,42 (0.48)	9,06 (0.41)	10,51 (0.44)	10,96 (0.43)	11,24 (0.47)
(द) वस्तुओं और सेवाओं पर कर	1,28,53 (6.59)	95,35 (4.33)	73,59 (3.11)	62,32 (2.46)	63,63 (2.68)
कुल कर राजस्व	**1,73,09 (8.87)**	**1,72,50 (7.84)**	**2,02,00 (8.53)**	**1,84,15 (7.29)**	**1,85,06 (7.78)**
सकल राज्य घरेलू उत्पाद	19,51,25	21,99,54	23,67,68	25,36,66	23,77,47

नोट: कोष्ठक में दिए गए आँकड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता दर्शाते हैं |

[3] जीएसटी 01/07/2017 को लागू किया गया था |

2020-21 के दौरान कुल कर राजस्व में वृद्धि मुख्य रूप से निगम कर (₹ 1,87 करोड़) और बिजली पर कर और शुल्क (₹ 1,49 करोड़) के अलावा अन्य आय पर कर के तहत अधिक संग्रह के कारण थी।

जीएसडीपी के अनुपात में प्रमुख करों की प्रवृत्ति



2.3.1 राज्य का स्वकर एवं केन्द्रीय करों में राज्यांश

राज्य सरकार का कर राजस्व दो स्रोतों नामतः राज्य का अपना कर संग्रह और संघ करों का विचलन से बनता है |

वर्ष	कर राजस्व (₹ करोड़ में)	संघ के कर और शुल्कों में राज्यांश (₹ करोड़ में)	राज्य का स्वयं का कर राजस्व	
			कर राजस्व (₹ करोड़ में)	जीएसडीपी से *प्रतिशत*
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2016-17	17309	6412	10897	5.58
2017-18	17250	7085	10165	4.62
2018-19	20200	8012	12188	5.15
2019-20	18415	6902	11513	4.54
2020-21	18506	6569	11937	5.02

निम्न तालिका में पांच वर्षों की अवधि में दोनों स्रोतों से प्राप्त कर राजस्व की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाया गया है: *(₹ करोड़ में)*

	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
राज्य का स्वकर संग्रह	1,08,97	1,01,65	1,21,88	1,15,13	1,19,37
संघ करों का विचलन	64,12	70,85	80,12	69,02	65,69
कुल कर राजस्व	1,73,09	1,72,50	2,02,00	1,84,15	1,85,06
कुल कर राजस्व में राज्य के स्वकर का *प्रतिशत*	62.96	58.93	60.34	62.52	64.50

समग्र कर राजस्व में राज्य के स्वकर संग्रह का अनुपात 2017-18 में घटकर 59 प्रतिशत, 2018-19 में घटकर 60 प्रतिशत हों गया जबकि 2019-20 में बढ़कर 63 प्रतिशत हो गया, 2020-21 में बढ़कर 65 प्रतिशत हो गया|

2.3.2 पिछले पांच वर्षों में राज्य के अपने कर संग्रह की प्रवृति

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
1.**राज्य वस्तु एवं सेवा कर**	**अनुपलब्ध** [4]	19,72	48,02	49,31	50,53
2.**बिक्री,व्यापार आदि पर कर**	71,54	37,03	18,83	18,11	18,58
3.**राज्य उत्पाद शुल्क**	19,06	22,62	28,71	27,27	29,66
4.**वाहन पर कर**	5,56	8,16	9,09	9,08	7,41
5.**स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क**	7,78	8,82	10,15	10,72	11,07
6.**बिजली पर कर और शुल्क**	1,89	3,24	5,06	39	1,89
7.**भू राजस्व**	1,60	24	34	24	17
8.**अन्य कर**	1,54	1,82	1,68	1	06
राज्य का कुल स्वकर	1,08,97	1,01,65	1,21,88	1,15,13	1,19,37

[4] जीएसटी 01/07/2017 को लागू किया गया था |

2.4 कर संग्रह की लागत

(₹ करोड़ में)

	2016-17	2017-18	2017-18	2019-20	2020-21
1. स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क					
राजस्व संग्रह	7,78	8,82	10,15	10,72	11,07
संग्रह पर व्यय	24	22	12	13	17
कर संग्रह की लागत	3.08%	2.49%	1.18%	1.21%	1.54%
2 राज्य उत्पाद शुल्क0.					
राजस्व संग्रह	19,06	22,62	28,71	27,27	29,66
संग्रह पर व्यय	19	23	26	25	28
कर संग्रह की लागत	1.00%	1.02%	0.91%	0.92%	0.94%
3. बिक्री,व्यापार आदि पर कर					
राजस्व संग्रह	71,54	37,03	18,83	18,11	18,58
संग्रह पर व्यय	1,86	1,90	41	8	35
कर संग्रह की लागत	2.60%	5.13%	2.18%	0.44%	1.88%
4. वाहनों पर कर					
राजस्व संग्रह	5,56	8,16	9,09	9,08	7,41
संग्रह पर व्यय	0.38	0.36	0.28	0.21	0.20
कर संग्रह की लागत	0.07%	0.04%	0.03%	0.02%	0.03%
5.राज्य वस्तु एवं सेवा कर					
राजस्व संग्रह	....	19,72	48,02	49,31	50,54
संग्रह पर व्यय	...	...	86	87	90
कर संग्रह की लागत	....	0%	1.79%	1.76%	1.78%

2.5 पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय करों में राज्यांश की प्रवृति

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर	अनुपलब्ध[5]	1,01	19,77	19,59	19,53
समेकित वस्तु एवं सेवा कर	अनुपलब्ध[5]	7,15	1,58	…	…
निगम कर	20,56	21,70	27,86	23,53	19,81
आय पर निगम कर से भिन्न कर	14,29	18,32	20,52	18,44	20,31
आय और व्यय पर अन्य कर	…	…	15	…	…
सम्पति कर	5	…	1	…	…
सीमा शुल्क	8,84	7,15	5,68	4.38	3,50
संघ उत्पाद शुल्क	10,10	7,48	3,77	3.04	2,21
सेवा कर	10,28	8,04	74	…	28
वस्तुओं एवं सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	….	…	4	4	5
संघ के करों/शुल्कों में राज्यांश	64,12	70,85	80,12	69,02	65,69

कुल कर राजस्व	**1,73,09**	**1,72,50**	**2,02,00**	**1,84,15**	1,85,06
कुल कर राजस्व से केंद्रीय करों में राज्यांश का प्रतिशत	37.04	41.07	39.66	37.48	35.50

[5] जीएसटी 01/07/2017 को लागू किया गया था |

उत्तराखण्ड सरकार ने वर्ष 2016-17 से 2020-21 के दौरान सभी साझा संघीय करों में राज्यांश के रूप में कुल कर राजस्व का 35.50% से 41.07% हिस्सा प्राप्त किया |

2.6 सहायक अनुदान

सहायक अनुदान, राज्य योजनाओं, केन्द्रीय योजनाओं एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु (नीति आयोग द्वारा अनुशंषित) एवं वित्त आयोग द्वारा अनुशंषित अनुदान के रूप में भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता को प्रदर्शित करता है | 2020-21 के दौरान सहायक अनुदान के तहत कुल प्राप्तियाँ ₹ 1,55,27 करोड़ थीं जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

सहायक अनुदान



* जीएसटी के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व के नुकसान की क्षतिपूर्ति (₹ 24,95.88 करोड़) एवं प्राकृतिक आपदा के कारण राहत हेतु अनुदान (₹ 0.35 करोड़)

सहायक अनुदान की प्रवृति



2.7 लोक ऋण

विगत पांच वर्षों में लोक ऋण (आँकड़े वर्ष 2020-21 के दौरान शुद्ध वृद्धि/कमी को दर्शाते हैं) की स्थिति की प्रवृत्ति:

₹ करोड़ में

विवरण	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
आंतरिक ऋण	5263	5731	5156	3994	3865
केन्द्रीय ऋण	111	74	62	23	3000
कुल	5374	5805	5218	4017	6568

वर्ष 2020-21 के दौरान, कुल ₹ 62,00.00 करोड़ के बाईस ऋण खुले बाजार से 6.43 *प्रतिशत* से 7.85 *प्रतिशत* तक की ब्याज दरों पर लिए गये और वे वर्ष 2030 एवं 2031 में शोधनीय हैं । इसके अलावा, राज्य सरकार ने वित्तीय संस्थानों से ₹ 5,27.81 करोड़ का ऋण लिया। भारतीय रिज़र्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिमों से ₹ 53,48.15 करोड़ की राशि प्राप्त की गई। इस प्रकार वर्ष 2020-21 के दौरान सरकार द्वारा कुल ₹ 120,75.96 करोड़ का आंतरिक ऋण लिया गया। सरकार ने ऋण और अग्रिम के रूप में भी भारत सरकार से भी ₹ 30,58.73 करोड़ प्राप्त किए।

उधार निधियाँ अर्थात पूँजीगत व्यय



अध्याय 3
व्यय

3.1 परिचय

व्यय को राजस्व व्यय एवं पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है | राजस्व व्यय संगठन के संचालन हेतु दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाता है | पूँजीगत व्यय स्थाई परिसम्पतियों के सृजन या इस प्रकार की परिसम्पतियों की उपयोगिता बढ़ाने या स्थाई देयताओं को कम करने के लिए किया जाता है |

सरकारी लेखे में व्यय को शीर्ष स्तर पर तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है; सामान्य सेवाएँ, सामाजिक सेवाएँ और आर्थिक सेवाएँ | इन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यय के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का उल्लेख नीचे दी गई तालिका में किया गया है:



3.2 राजस्व व्यय

पिछले पांच वर्षों के दौरान विनियोग लेखे के अनुसार बजट अनुमानों के विरुद्ध राजस्व व्यय की कमी नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

वर्ष	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
बजट अनुमान	3,22,50	3,15,51	3,56,27	3,89,33	4,23,90
वास्तविक आँकड़े	2,52,72	2,90,83	3,21,96	3,28,59	3,70,91
अन्तर	69,78	24,68	34,31	60,74	52,99
बजट अनुमान से अन्तर का प्रतिशत	22	8	10	16	13

(स्रोत: सम्बंधित वर्षों के विनियोग लेखे)

वर्ष 2020-21 के दौरान कुल राजस्व व्यय का लगभग 62 *प्रतिशत* प्रतिबद्ध व्यय जैसे वेतन (₹ 1,17,55 करोड़), ब्याज भुगतान (₹ 47,73 करोड़), पेंशन (₹ 61,68 करोड़) और सब्सिडी (₹ 1,39 करोड़) पर किया गया | पिछले पांच वर्षों में किए गए प्रतिबद्ध और अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय की स्थिति नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

घटक	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
कुल राजस्व व्यय	2,52,72	2,90,83	3,21,96	3,28,59	3,70,91
प्रतिबद्ध राजस्व व्यय [1]	1,57,71	1,97,02	2,15,70	2,17,60	2,28,35
कुल राजस्व व्यय से प्रतिबद्ध राजस्व व्यय का प्रतिशत	62	68	67	66	62
अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय	95,01	93,81	1,06,26	1,10,99	1,42,56

यह देखा जा सकता है कि 2020-21 के दौरान विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उपलब्ध अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय में 50.05 *प्रतिशत* बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2016-17 में ₹ 95,01 करोड़ से बढ़कर 2020-21 में ₹ 1,42,56 करोड़ हो गया। कुल राजस्व व्यय 46.77 *प्रतिशत* बढ़ोतरी के साथ वर्ष 2016-17 में ₹ 2,52,72 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2020-21 में ₹ 3,70,91 करोड़ हो गया और इसी अवधि में प्रतिबद्ध राजस्व व्यय में 44.79 *प्रतिशत* की वृद्धि हुई।

[1] प्रतिबद्ध राजस्व व्यय में वेतन, ब्याज, पेंशन और सब्सिडी भुगतान पर किया गया खर्च सम्मिलित है |

3.2.1 राजस्व व्यय का क्षेत्रवार वितरण (2020-21)

(₹ करोड़ में)

(द) उर्जा
(21)
(य) उद्योग एवं खनिज
(174)
(स) सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण
(431)
(र) परिवहन
(497)
(ब) ग्रामीण विकास
(1581)
(ल) विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण
(39)
(अ) कृषि एवं सम्बंधित गतिविधियाँ
(2715)
(ग) आर्थिक सेवाएँ
(5571)
(व) सामान्य आर्थिक सेवाएँ
(113)


(घ) स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन
(1932)


(ख) सामाजिक सेवाएँ
(14762)
(ग) आर्थिक सेवाएँ
(5571)
(क) सामान्य सेवाएँ
(14826)
राजस्व व्यय
(37091)
(घ) स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन
(1932)

3.2.2 राजस्व व्यय के मुख्य घटक (2016-17 से 2020-21)

(₹ करोड़ में)

घटक	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
सामाजिक सेवाएँ	1,05,29	1,09,29	1,22,09	1,25,93	1,47,62
आर्थिक सेवाएँ	39,03	42,76	50,03	47,04	55,71
ऋण सेवाएँ	37,83	39,87	44,75	46,54	49,23
सामान्य सेवाएँ (ऋण सेवाओं पर व्यय को छोड़कर)	61,51	84,22	90,50	91,91	99,03
स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन	9,06	14,69	14,59	17,17	19,32

राजस्व व्यय के मुख्य घटकों की प्रवृति



3.3 पूँजीगत व्यय

यदि विकास प्रक्रिया को बनाए रखना है तो पूँजीगत व्यय आवश्यक है। वर्ष 2020-21 के दौरान पूँजीगत व्यय ₹ 65,38 करोड़ (जी.एस.डी.पी. का 2.75 प्रतिशत) बजट अनुमान ₹ 73,83 करोड़ से ₹ 8,45 करोड़ कम था | पूँजीगत व्यय में वृद्धि ने (वर्ष 2019-20 को छोड़कर) वर्ष 2016-17 से स्थिर तालमेल बिठाया है | यह निम्न तालिका में देखा जा सकता है |

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	घटक	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
1	बजट (बजट अनुमान)	57,44	55,14	65,84	65,72	73,83
2	वास्तविक व्यय [2]	49,54	59,14	61,84	54,14	65,38
3	बजट अनुमानों से वास्तविक व्यय की *प्रतिशतता*	86	107	94	82	89
4	पूँजीगत व्यय में वार्षिक वृद्धि	17%	19%	5%	(-) 12%	21%
5	सकल राज्य घरेलू उत्पाद	19,51,25	21,99,54	23,67,68	25,36,66	23,77,47
6	सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि	10 %	13 %	08 %	07%	-06%

3.3.1 पूँजीगत व्यय का क्षेत्रवार वितरण

वर्ष 2020-21 के दौरान सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं पर ₹ 1,86 करोड़ (मुख्य सिंचाई पर ₹ 1,32 करोड़, मध्यम सिंचाई पर ₹ 10 करोड़ और लघु सिंचाई पर ₹ 44 करोड़) व्यय किये | इसके अतिरिक्त सरकार ने सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर ₹ 11,20 करोड़ व्यय किये तथा सरकारी एवं अन्य कंपनियों और सहकारी समितियों में ₹ 1,49 करोड़ निवेश किये |

3.3.2 पिछले पांच वर्षों में पूँजीगत व्यय का क्षेत्रवार वितरण

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
सामान्य सेवाएँ	72(1)	8,04(14)	4,54(7)	3,62 (7)	7,55(12)
सामाजिक सेवाएँ	9,48(19)	10,86(18)	10,99(17)	16,10 (29)	19,38(29)
आर्थिक सेवाएँ	39,34(77)	40,24(67)	46,31(73)	34,42 (62)	38,45(58)
ऋण एवं अग्रिम	1,65(3)	77(1)	1,83(3)	1,26 (2)	38(1)
योग	51,19	59,91	63,67	55,40	65,76

नोट : कोष्ठक के आँकड़े कुल पूँजीगत व्यय के प्रतिशत को दर्शाते हैं |

2 ऋण और अग्रिम पर व्यय सम्मिलित नहीं है



3.3.3 पूँजीगत एवं राजस्व व्यय का क्षेत्रवार वितरण

विगत पांच वर्षों में पूँजीगत और राजस्व व्यय का तुलनात्मक क्षेत्रवार विवरण निम्न दिखाया गया है:

(₹ करोड़ में)

क्र.संख्या	क्षेत्र		2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
क	सामान्य सेवाएँ	पूँजीगत	72	8,04	4,54	3,62	7,55
		राजस्व	99,34	1,24,09	1,35,25	1,38,45	1,48,26
ख	सामाजिक सेवाएँ	पूँजीगत	9,48	10,86	10,99	16,10	19,38
		राजस्व	1,05,29	1,09,29	1,22,09	1,25,93	1,47,62
ग	आर्थिक सेवाएँ	पूँजीगत	39,34	40,24	46,31	34,42	38,45
		राजस्व	39,03	42,76	50,03	47,04	55,71
घ	सहायक अनुदान एवं अंशदान	पूँजीगत	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध	अनुपलब्ध
		राजस्व	9,06	14,69	14,59	17,17	19,32

3.4 प्रतिबद्ध व्यय

पिछले वर्ष की तुलना में 2020-21 में वेतन, पेंशन, सब्सिडी और ब्याज भुगतान पर व्यय में वृद्धि देखी गई :

प्रतिबद्ध व्यय की प्रवृति



पिछले पांच वर्षों में राजस्व व्यय और राजस्व प्राप्तियों की तुलना में प्रतिबद्ध व्यय की प्रवृत्ति को नीचे दर्शाया गया है:

(₹ करोड़ में)

घटक	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
प्रतिबद्ध व्यय	1,57,71	1,97,02	2,15,70	2,17,60	2,28,35
राजस्व व्यय	2,52,72	2,90,83	3,21,96	3,28,59	3,70,91
राजस्व प्राप्तियाँ	2,48,89	2,71,05	3,12,16	3,07,23	3,82,04
प्रतिबद्ध व्यय का राजस्व प्राप्तियों से *प्रतिशत*	63	73	69	71	60
प्रतिबद्ध व्यय का राजस्व व्यय से *प्रतिशत*	62	68	67	66	62

2016-17 से 2020-21 के लिए प्रतिबद्ध व्यय में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि राजस्व व्यय में इसी अवधि के दौरान 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे सरकार को विकास कार्यों के लिए धन की कमी रही।

अध्याय 4
विनियोग लेखे

4.1 वर्ष 2020-21 के विनियोग लेखे का सारांश

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	व्यय का स्वरूप	मूल अनुदान	अनुपूरक अनुदान	अभ्यर्पण	योग	वास्तविक व्यय	बचत (–) आधिक्य (+)
1	राजस्व दत्तमत भारित	3,62,32.13 *61,57.54*	20,68.94 *2.48*	0.00 *0.00*	3,83,01.07 *61,60.02*	3,20,86.52 *50,04.51*	(-)62,14.55 *(-)11,55.51*
2	पूँजीगत दत्तमत भारित	73,82.56 *0.00*	19,92.27 *0.00*	0.00 *0.00*	93,74.83 *0.00*	66,01.94 *0.00*	(-)27,72.89 *0.00*
3	लोक ऋण भारित	*35,03.31*	*0.00*	*0.00*	*35,03.31*	*82,69.59*	*(+)47,66.28*
4	ऋण एवं अग्रिम दत्तमत	2,51.43	0.10	0.00	*2,51.53*	37.55	*(-)*2,13.98
	कुल योग	**5,35,26.97**	**40,63.79**	***0.00***	**5,75,90.76**	**5,20,00.11**	***(-)*55,90.65**

4.2 विगत पांच वर्षों के दौरान बचत / आधिक्य की प्रवृति

(₹ करोड़ में)

	बचत(-)/आधिक्य (+)				
वर्ष	**राजस्व**	**पूँजीगत**	**लोक ऋण**	**ऋण एवं अग्रिम**	**कुल**
2016-17	(-)73,41.18	(+)3,58.67	(+)31,86.45	(-)2,45.97	**(-)40,42.03**
2017-18	(-) 44,71.73	(+) 3,62.39	(+) 50,11.39	(-) 1,93.52	**(+) 7,08.53**
2018-19	(-) 44,43.90	(-) 1,00.84	(+) 70,48.14	(-) 1,00.50	**(+) 24,02.90**
2019-20	(-)74,29.38	(-)15,96.81	(+)62,19.72	(-)1,57.03	**(-)29,63.50**
2020-21	(-)73,70.06	(-)27,72.89	(+)47,66.28	(-)2,13.98	**(-)55,90.65**

4.3 महत्वपूर्ण बचतें

अनुदान के तहत पर्याप्त बचत कुछ योजनाओं /कार्यक्रमों के या तो गैर-कार्यान्वयन या धीमे कार्यान्वयन को इंगित करती है। लगातार और महत्वपूर्ण शुद्ध बचत वाले कुछ अनुदान नीचे दिए गए हैं:-

(₹ करोड़ में)

अनुदान सं०	नामांकन	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21
13	जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास	590	364	661	577	1364
15	कल्याण योजनाएँ	522	368	410	454	558
21	उर्जा	314	196	75	214	186
23	उद्योग	141	100	100	97	247
30	अनुसूचित जातियों का कल्याण	660	307	417	469	404
31	अनुसूचित जनजातियों का कल्याण	197	126	176	180	184

2020-21 के दौरान, कुछ मामलों में ₹ 40,63.79 करोड़ (कुल मूल अनुदान का 7.59 प्रतिशत) का कुल अनुपूरक अनुदान अनावश्यक साबित हुआ, जहाँ मूल आवंटन के सापेक्ष साल के अंत में महत्वपूर्ण बचत हुई। कुछ उदाहरण नीचे दिए गए हैं:

(₹ करोड़ में)

अनुदान सं०	नामांकन	अनुभाग	मूल बजट	वास्तविक व्यय	मूल बजट के सापेक्ष बचत	अनुपूरक बजट
03	2013-मंत्रिपरिषद 800-अन्य व्यय 03-मंत्रियों तथा उप मंत्रियों के प्रकीर्ण व्यय	राजस्व दत्तमत	5.00	3.10	1.90	2.00
04	2014- न्याय प्रशासन 800- अन्य व्यय 10-लोक अदालत	राजस्व दत्तमत	3.71	0.92	2.79	0.20
07	2052-सचिवालय-सामान्य सेवाएं 091-संलग्न कार्यालय 10- वित्त आयोग निदेशालय	राजस्व दत्तमत	1.73	1.45	0.28	0.18

